प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 16.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

........................

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात की।
- राजस्थान दिवस समारोह के तहत आज जनजातीय गौरव दिवस–राज्यस्तरीय समारोह डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में।
- जयपुर से किशनगढ के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 48 को 6 लेन में विकसित किया जायेगा।
- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निष्पक्ष मतदाता सूची को लोकतंत्र की नींव बताया।

........................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पूंजीगत निवेश के लिए राज्य को विशेष सहायता योजना एस ए एस सी आई के तहत मिल रहे सहयोग पर केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय वित्त मंत्री से विकसित राजस्थान के लिए आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने और योजनाओं के सफल कियान्वयन पर भी चर्चा की। श्री शर्मा ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से भी भेंट की। इस दौरान दोनो के बीच राजस्थान में नई शिक्षा नीति एनईपी 2020 के कियान्वयन, अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं के शिक्षण और युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा देने के विषय पर चर्चा हुई।

........................

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में कल राजस्थान उत्सव का शुभारम्भ किया। ये उत्सव 25 मार्च तक चलेगा। इसमें राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, लोक परम्पराओं, हस्तशिल्प और गीत संगीत तथा पारम्परिक व्यंजनों की झलक देखने को मिलेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये उत्सव देश–विदेश के लोगों को राजस्थान की संस्कृति से जोडने का प्रभावी प्रयास है। श्री शर्मा ने इस दौरान शिल्पकारों और राजीविका दीदीयों से भी संवाद किया। मुख्यमंत्री ने उनके उत्पादों की सराहन करते हुए कहा कि सरकार स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने और व्यापक बाजार उपलब्ध करवाने के लिए लगातार काम कर रही है।

.....

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बीकानेर हाउस में राजस्थानी फोटोग्राफी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। राजस्थान दिवस समारोह के तहत आज प्रदेशभर में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यस्तरीय मुख्य समारोह डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में रखा गया है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा इस समारोह में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी कडी में कल युवा शक्ति दिवस मनाया जायेगा। वहीं कल भीलवाडा, जैसलमेर, सवाईमाधोपुर, डूंगरपुर और हनुमानगढ़ सहित अन्य जिलों में **एक जिला–एक उत्पाद–ओडीओपी मेले** और प्रदर्शनियों की शुरूआत हुई।

........................

पुलिस के विशेष कार्यबल एसटीएफ की ओर से अम्बाला से गिरफ्तार किए गए तीन संदिग्ध आतंकियों के तार हनुमानगढ़ से जुडे होने का खुलासा हुआ है। ये आतंकी पिछले महीने हनुमानगढ पंहुचे थे। इस दौरान इनके दो साथियों को हथियारों के साथ पकडा गया था। एडीजी एटीएस दिनेश एमएन ने बताया कि एटीएस की टीमें जांच के लिए अम्बाला भेजी गई है और हनुमानगढ़ में आईईडी रखने सहित राज्य से जुडे सभी पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है।

........................

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में एलपीजी वितरकों के पास गैस आपूर्ति की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी बुकिंग में गिरावट आई है। कल लगभग 77 लाख

बुकिंग दर्ज की गईं, वहीं इस महीने की 13 तारीख को लगभग 88 लाख बुकिंग दर्ज की गई थीं। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर भी प्राथमिकता के आधार पर वितरण के लिए राज्य सरकारों को सौंप दिए गए हैं, ये अब उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध हैं।

........................

जयपुर से किशनगढ के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 48 के करीब 90 किलोमीटर लम्बे खण्ड को 6 लेन में विकसित किया जायेगा। लगभग 910 करोड रूपये की लागत से विकसित होने वाली इस परियोजना को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में ये जानकारी दी। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने इस महत्वपूर्ण सड़क उन्नयन की स्वीकृति पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में जयपुर से किशनगढ तक के हिस्से को 6 लेन में चौडा किया जायेगा। आवश्यक स्थानों पर फ्लाइओवर बनाये जायेंगें। वहीं सड़क के दोनो ओर सर्विस रोड का निर्माण किया जायेगा। इससे वाहनों की आवाजाही अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित हो सकेगी। वहीं 25 किलोमीटर लम्बे शाहपुरा बाईपास की डीपीआर तैयार करने के लिए भी 1 करोड़ 9 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने बताया कि इस बाईपास के बनने से इस क्षेत्र के लोगों को ट्रेफिक जाम से राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा।

........................

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि किसी भी लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष मतदाता सूची होती है। मुख्य चुनाव आयुक्त कल नई दिल्ली में पांच राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम घोषणा के लिए आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने असम, केरल, पुदुचेरी और तमिलनाडु में एक चरण में और पश्चिम बंगाल में दो चरणों में चुनाव कराने का ऐलान किया। असम, केरल और पुड्डुचेरी में 9 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। वहीं तमिलनाडू में 23 अप्रेल को मतदान होगा। उधर पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रेल को मतदान होगा। मतगणना 4 मई को होगी। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रकिया से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र मतदाता नहीं छूटे और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में शामिल नहीं हो।

.....

........................

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम का मिजाज बदला है। कल कई जिलों में श्रीगंगानगर, झुंझुनूं और जयपुर में हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं हनुमानगढ और टपूकडा क्षेत्र में ओले भी गिरे। हनुमानगढ से हमारी संवाददाता ने बताया कि कल शाम कुछ देर आंधी चलने के बाद बारिश का दौर शुरू हुआ। वहीं आज भी तेज हवाओं का सिलसिला बना हुआ है।

......

बदले मौसम के कारण ज्यादातर स्थानों पर दिन के तापमान में गिरावट और रात के तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है। 38 दशमलव 6 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ चित्तौडगढ सबसे गर्म रहा।

.....

........................